Day & Date	Part	Subject Name	Time	Code	Marks
Wednesday 23/05/2018	I (Fresh / Repeater)	Hindi – Annuvad : Kala Awam Takanik	11.00 AM To 02.00 PM	203104	100

Instructions: All questions are compulsory.

प्र.1 टिप्पणी लिखिए। **20**

अ) अर्थपरक अनुवाद की समस्याएँ

अथवा

संस्कृति के आदान – प्रदान में अनुवाद का महत्व

ब) अनुवाद के प्रकार

अथवा

अनुवाद का विकास

प्र.2 अनुवादक के गुण–दोष की चर्चा कीजिए। **20**

अथवा

अनुवाद के विविध क्षेत्रों का परिचय दीजिए।

प्र.3 अनुवाद की परिभाषा बताते हुए साहित्यिक अनुवाद और साहित्येत्तर अनुवाद के अंतर को स्पष्ट कीजिए। **20**

अथवा

अनुवाद की उपयोगिता बताते हुए लक्ष्य भाषा और स्त्रोत भाषा के अंतः सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।

प्र.4 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

1. अनुवाद कार्य की प्रक्रिया बताइए।
2. अनुवाद कला है या विज्ञान – चर्चा कीजिए।
3. अनुवाद की उपलब्धि को स्पष्ट कीजिए।

प्र.5 अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **10**

1. अन्तरण किसे कहा जाता है?
2. यांत्रिक अनुवाद का कोई एक लाभ बताइए।
3. काव्यानुवाद में कौन सी कठिनाई होती है?
4. व्यावहारिक स्तर के अनुवाद किस वर्ग में आते हैं?
5. अनुवाद को विश्व का संवादक क्यों कहा गया है?
6. त्रिभाषिक कोश किसे कहा जाता है?
7. लक्ष्यभाषा और स्त्रोत भाषा में क्या सम्बन्ध है?
8. साहित्यिक अनुवाद से तात्पर्य है?
9. अनुवाद में पाद टिप्पणी किसे कहा जाता है?
10. पारिभाषिक शब्दावली किसे कहा जाता है?

ब) जोड़े मिलाइए। **05**

1. यांत्रिक अनुवाद	1. शब्दानुवाद और भावानुवाद दोनों पद्धतियों को अपनाता है।
2. मुलक्षत अनुवाद	2. विश्व के प्रायः सभी विषय समाविष्ट होते है।
3. आदर्श अनुवाद	3. मुल के समान होता है।
4. साहित्येत्तर अनुवाद	4. मुल का अनुगमन नहीं होता।
5. मुलगत अनुवाद	5. ओपरेटर या इंजिनीयर करता है।

क) सही गलत बताइए। **05**

1. साहित्येतर अनुवाद वस्तुनिष्ठ होते है।
2. जहाँ शब्दानुवाद संभव नहीं वहाँ भावानुवाद भी नहीं होता।
3. अनुवाद भाषा का रूपांतरण नहीं है।
4. अनुवाद अर्थ के संप्रेषण की क्रिया है।
5. रोचकता और रसात्मकता से मूल रचना का आभास मिलता है।